APP-A
Crim-I

FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम कोटा

मुकेश कुमार बनाम सरकार

किस्म मुकदमा 136 नं. 143 सन् 2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
9/10/25	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत कसार में प्रार्थी मुकेश कुमार की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम कसार पटवार हल्का कसार में स्थित भूमि खाता संख्या 242, 243 में प्रार्थी का नाम कल्याण पुत्र गौरिया दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में रामकरण पुत्र गौरूलाल दर्ज है। अतः राजस्व रिकॉर्ड में नाम सही दर्ज किये जाने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र के संबंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा कल्याण पुत्र गौरिया का राजस्व रिकॉर्ड में नाम रामकरण उर्फ कल्याण पुत्र गोरया किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम कसार पटवार हल्का कसार में स्थित भूमि खाता संख्या 242, 243 में कल्याण पुत्र गौरया के स्थान पर रामकरण उर्फ कल्याण पुत्र गोरया दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिनांक 09.10.2025 को मेरे द्वारा लिखा जाकर ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत कसार में सुनाया गया। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा	